# राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, बिलासपुर (छ0ग0)

## वार्षिक प्रतिवेदन – 2018–19

‘‘ स्वस्थ्य भारत के लिए स्वस्थ्य युवा एवं पर्यावरण संवर्धन’’


राष्ट्रीय सेवा योजना
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
N.S.S.


राष्ट्रीय सेवा योजना
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
ग्राम जन चेतना रैली
✓ स्वच्छ भारत।
✓ स्वच्छ पेयजल।
✓ खुले में शौचालय।
✓ पोषण आहार।
✓ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ।
अभिनंदन करते है


राष्ट्रीय सेवा
अटल बिहारी

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के (पुरूष इकाई) द्वारा ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी, तखतपुर में दिनांक 12 फरवरी, 2019 से 18 फरवरी, 2019 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के मान्नीय कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा जी ने हरी झंडी दिखाकर स्वयं सेवकों को शिविर ग्राम के लिए रवाना किया। सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा एवं ग्राम के सरपंच श्री विनोद कौशिक जी माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक श्री सुरेश कुमार खांडेकर एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मनोज सिन्हा जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया एवं विशिष्ट अतिथि श्री यतीन्द्र कौशिक जी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के बारे में प्रकाश डाला तथा स्वयं सेवकों को प्रोत्साहन किया। स्वयं सेवकों ने अपने परिसर की साफ सफाई की और ग्राम निवासियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, वरिष्ठ स्वयं सेवक एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा एवं ग्राम के सरपंच श्री विनोद कौशिक जी माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक श्री सुरेश कुमार खांडेकर एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मनोज सिन्हा जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दियाएवं विशिष्ट अतिथि श्री यतीन्द्र कौशिक जी ने स्वामी विवेकानंद जी के बारे में प्रकाश डाला तथा स्वयं सेवकों को प्रोत्साहन किया।

स्वयं सेवकों ने अपने परिसर की साफ सफाई की और ग्राम निवासियों को राष्ट्रीय सेवाय योजने के बारे में बताया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, वरिष्ठ स्वयं सेवक एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

दिनांक 13.02.2019 अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई द्वारा ग्राम देवरी काठाकोनि, तखतपुर में स्वयं सेवकों का द्वारा द्वितीय दिवस में कंपोस्ट खाद हेतु गढ़्ढ़े का निर्माण किया गया एवं पिरसर के सफाई का

काम किया गया साथ ही परिसर के आस–पास कूड़ेदान की व्यवस्था किया गया। स्वयं सेवकों के द्वारा बाउंड्री वॉल के निर्माण में सहियोग प्रदान किया गया



# काठाकोनी में स्वयंसेवकों ने की सफाई

बिलासपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के अकादमिक शिक्षण संस्थान के बालक स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम देवरीखुर्द के काठाकोनी तखतपुर में सात दिवसीय शिविर लगाया गया है। यहां साफ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। चुनाव में अपने मतों का उपयोग करने प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. जीडी शर्मा ने स्वयंसेवकों के काम की तारीफ की।

अटल विवि के एनएसएस इकाई को कुलपति प्रो. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया था। सात दिवसीय विशेष शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समंवयक अधिकारी डॉ. मनोज सिन्हा एवं ग्राम के सरपंच विनोद कौशिक, माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार खांडेकर एवं ग्राम के निवासी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में डॉ. मनोज सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। यतीन्द्र कौशिक ने स्वामी विवेकानंद के गुणों के बारे में जानकारी दिया और स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया । स्वयं सेवकों ने अपने परिसर की साफ सफाई की और ग्राम निवासियों को एनएसएस के बारे में बताया। शिविर में प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियां की जा रही है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर नशा मुक्ति व सरकार की योजनाओं को बताया जा रहा है। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, शिविर नायक ईश्वर धनकर, आशुतोष सिंह एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे थे।

बिलासपुर। एनएसएस शिविर में शामिल प्रतिभागियों के साथ कुलपति।



आज दिनांक 14.02.2019 को स्वयं सेवक द्वारा शिविर ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के पूर्व उच्च माध्यमिक शाला परिसर में नाली की साफ–सफाई कर सुव्यवस्थित ढंग से पानी निकासी चालु किया गया। ग्राम के ही मुख्यमंत्री DAV स्कूल मैदान को व्यवस्थित आदि परियोजना कार्य पूर्ण किया गया साथ ही संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच विनोद कौशिक जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सचिव संतोष कौशिक जी, गिरजा शंकर यादव, अंकित पाल अपना अमूल्य समय स्वयं सेवकों को दिया। मुख्य अतिथि ने चर्चा के दौरान ग्राम व आस–पास के ग्राम में स्थापित उद्योगों, नवीन खेती फसलों और नवीन खेती प्रणाली आदि के बारे में अपने वक्तव्य में बताया कि ग्राम में हम कैसे मिलकर रहते है और काम करते है। अतिथि गिरजा शंकर व अंकित पाल ने देश निर्माण में युवाओं की सहभागिता के बारे में प्रकाश डाला, शिविर के छात्रों से बौद्धिक परिचर्चा की गई जिसमें छात्रों ने अपना–अपना विचार रखा। साथ ही ग्राम संपर्क में ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया साथ ही उनको कौन–कौन से योजनाओं का लाभ हो रहा है इस बारे में चर्चा की गई इस कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



## रासेयो स्वयंसेवकों ने चलाया जन जागरूकता अभियान

बिलासपुर, 14 फरवरी। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा आयोजित बालक रा.से.यो. इकाई द्वारा सात दिवसीय स्वयंसेवक शिविर ग्राम देवरी काठाकोनि तखतपुर के तृतीय दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम देवरी पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में जाम पड़े नाली को सुव्यवस्थित ढंग से चालू किया गया एवं ग्राम के ही मुख्यमंत्री स्कूल मैदान को व्यवस्थित आदि परियोजना कार्य संपूर्ण किया गया।

साथ ही संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच विनोद कौशिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सचिव संतोष कौशिक जी, गिरजा शंकर, अंकित पाल जी की उपस्थिति रही, मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच विनोद कौशिक ने चर्चा के दौरान ग्राम में स्थापित उद्योगों, नवीन खेती फसलों और नवीन खेती प्रणाली आदि के बारे में बताया कि कैसे हम कम लागत से ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं इसकी जानकारी दी व ग्राम सचिव जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि ग्राम में हम कैसे मिलकर रहते और काम करते हैं, अतिथि गिरजा शंकर व अंकित पाल ने देश निर्माण में युवाओं की सहभागिता के बारे में प्रकाश डाला, शिविर के छात्रों से बौद्धिक परिचर्चा की गई जिसमें छात्रों ने अपनी-अपनी राय रखी, साथ ही ग्राम संपर्क में ग्राम निवासियों को प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया साथ ही उनको कौन कौन से योजनाओं का लाभ हो रहा है इस बारे में चर्चा की गई इस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, शिविर नायक ईश्वर धनकर, सूरज राजपूत, नरेंद्र सोनवानी, सुजन पांडेय, एवं अन्य स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।



बाद एमआरआई व सीटी स्कैन मशीन की खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। लेकिन नियमों के पेच ऐसे फंसे कि अभी तक यह सिम्स को नहीं मिल सकी है।

प्रोसीजर कर रहे है। ... है इसलिए खरीदी प्रक्रिया ... तो लगता ही है। लेकिन ... सिम्स को यह मशीनें मि... उम्मीद जगी है।

–डॉ. पीके पात्रा, डीन, ...

## एनएसएस कैंप में स्वयंसेवकों ने की नाली की सफाई

बिलासपुर| देवरीखुर्द के काठाकोनी में अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी का एनएसएस कैंप चल रहा है। गुरुवार को स्वयं सेवकों ने देवरी पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में नाली की साफ सफाई की। इससे लंबे समय से जाम नाली में अब पानी निकासी होने लगी है। इसके अलावा गांव के ही मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल मैदान को की भी साफ–सफाई की गई जिसमें मुख्य अतिथि गांव के सरपंच विनोद कौशिक, विशिष्ट अतिथि सचिव संतोष कौशिक शामिल रहे। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, ईश्वरचर धनकर, सूरज राजपूत आदि शामिल रहे।

पुण्यतिथि

कांग्रेस ने श्यामाचरण शुक्ल की जयंती मनाई

आज दिनांक 15.02.2019 को स्वयं सेवक शिविर ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें जम्मू कश्मीर (पुलवामा) में आतंकी हमले में हमारे देश के जवान शहिद हुए उनको 5 मिनट की श्रद्धांजली दी गई एवं उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना किया गया।




ग्राम देवरी के खुले पड़े सूखे कुएं को सुव्यवस्थित ढंग से छात्रों द्वारा घेराबंदी किया ताकि उस कुए में छोटे बच्चे एवं पशु ना गिर जाए। स्वयं सेवकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना का क्या योगदान रहा और सभी का उत्साह वर्धन किया ।





आज दिनांक 16.02.2019 को बालक रा.से.यो. इकाई द्वारा पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में बालिकाओं के उपयोग हेतु टंकी निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया तथा महामाया मंदिर परिसर के आस–पास की सफाई के साथ–साथ दुरुस्त पड़े गांव के गढ्ढों में एकत्रित पानी को नाली बनाकर निकासी का निर्माण किया गया।









## रासेयो ने किया टंकी निर्माण, महामाया मंदिर परिसर की साफ-सफाई की

**बिलासपुर,** 16 फरवरी। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (यूटीडी) द्वारा आयोजित बालक रा.से.यो. इकाई द्वारा सात दिवसीय स्वयंसेवक शिविर ग्राम देवरी काठकोनि तखतपुर के पंचम दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम देवरी पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में बालिकाओं के उपयोग हेतु टंकी निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया तथा महामाया मंदिर परिसर के आसपास की सफाई के साथ साथ दुरुस्त पड़े गांव के गड्ढों में एकत्रित पानी को नाली बनाकर उसे चालू किया गया, आदि परियोजना कार्य संपूर्ण किया

साथ ही संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय निरंजन कॉलेज कोटा के प्रोफेसर सितेश जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा पांडे यशवंत पटेल, सुमीना भट्टाचार्य, योगेश चन्द्राकर की उपस्थिति रही, मुख्य अतिथि सितेश जैन जी ने बताया कि छात्र कैसे एनएसएस के माध्यम से समाज व राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं, व कार्यक्रम अधिकारी गौरव साहू ने छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व को संक्षिप्त में बताया, विशिष्ट अतिथि योगेश चंद्राकर जी ने बताया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति शून्य से शिखर तक पहुंचने के लिए संघर्ष करता है, शिविर के छात्रों से बौद्धिक परिचर्चा की गई जिसमें छात्रों ने भारत माता की जय के नारों के साथ अपनी–अपनी बातों को मंच में सभी के समक्ष रखा, सभी के द्वारा पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, शाम को छात्रों के द्वारा गांव में जनसंपर्क का कार्यक्रम जागरूकता रैली निकाली गई, इस सात दिवसीय शिविर आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, वरिष्ठ स्वयं सेवक आशुतोष सिंह, ईश्वर धनकर व स्वयं सेवक सूरज राजपूत, अमन, विकास, सृजन एवं अन्य स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

प्रकाशक मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं प्र





आज दिनांक 18.02.2019 को रासेयो इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम देवरी के शासकीय प्राथमिक शाला में बालक एवं बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुत किया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से डॉ. डी.एस.वी.जी.के. कलाधर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में देवरी पूर्व उच्च माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक श्री सुरेश खाण्डेक जी, ग्राम के सम्मानीय नागरिक धरम कौशिजी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी श्री गौरव साहू ने किया।

## नुक्कड़ नाटक सहित रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रासेयो शिविर का समापन

**बिलासपुर**, 19 फरवरी (देशबन्धु)। आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा आयोजित बालक रासेयो इकाई द्वारा देवरी काठकोनी तखतपुर के सातवे दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम देवरी के शासकीय प्राथमिक शाला में बालक एवं बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विद्यार्थियों द्वारा के नशा मुक्ति पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया एवं बालिकाओ के उपयोग हेतु टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण किया। इस पानी टंकी की काफी आवश्यकता थी इस कार्य को करने के लिये राण्सेण्योण् के विद्यार्थियों ने अपनी पूरी मेहनत लगा दी क्योंकि यह अति आवश्यक था इस कर को करने में ईश्वर धनकर, उमाशंकर लहरे ए आशीष कश्यप, श्रीकांत, लखेश्वर, मानश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही पानी टंकी निर्माण में तथा आसपास की सफाई के साथ साथ गांव के गड्ढेंए ब्रेकर के गड्ढों आदि को भरा गया, आदि परियोजना कार्य संपूर्ण किया



साथ ही संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अटल विश्वविद्यालय के मुख्य अतिथि के रूप में कलाधर दुलरु उपस्थित रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रोफेसर गौरव साहू जी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में ए देवरी पूर्व उच्च माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक खांडेकर सर, ग्राम देवरी के वार्डक्रमांक आठ के पंचपति धरम कौशिक जी की उपस्थिति रही, अध्यक्षता कर रहे गौरव साहू ने छात्रों को शहर व गांव की जीवन शैली के बारे में बताया व गांव के वरिष्ठों को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया व विशिष्ट अतिथि खांडेकर सर ने गांव में हुए काम की सराहना की व छात्रों को प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर पुलवामा के शहीदों के नाम से विश्वविद्यालय से गांधी चौक तक शांति मार्च निकाला गया जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जी डी शर्मा व सभी प्रोफेसर और छात्र छात्रों की उपस्थिति रही, इस सात दिवसीय शिविर आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.गौरव साहू,वरिष्ठ स्वयं सेवक ईश्वर धनकर, टीकम लहरें व स्वंय सेवक सूरज राजपूत, श्रीकांत सिंह, सृजन पांडे, आदर्श, हर्षित, विकास, अभिलाष, नरेंद्र एवं अन्य स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

CMYK

**आयोजन** • एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में बनाई पानी टंकी

## नुक्कड़-नाटक से छात्रों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना के बालक इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर ग्राम देवरी काठा कोनी में लगाया गया था। शिविर का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला देवरी के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं शिक्षण विभाग के रासेयो के छात्रों ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। वहीं शिविर के दौरान रासेयो के स्वयं सेवकों ने स्कूल में पानी टंकी का निर्माण किया। पानी टंकी का निर्माण ईश्वर धनकर, उमाशंकर लहरे, आशीष कश्यप, श्रीकांत, लखेश्वर, मानश यादव ने किया।

इसके अलावा शिविर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि अटल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. कलाधर और अध्यक्षता प्रो. गौरव साहू ने की। विशिष्ट अतिथि देवरी पूर्व उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक खांडेकर, धरम कौशिक रहे। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठों नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूरज राजपूत, सृजन पांडे, आदर्श, हर्षित, विकास, अभिलाष, नरेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।



एनएसएस शिविर के समापन पर बच्चे नृत्य के माध्यम से संदेश देते हुए।